कार्यालय प्राचार्य, बी.बी.डी. राजकीय महाविद्यालय, चिमनपुरा
(शाहपुरा), जयपुर (राजस्थान) E-mail I.D. : bbdcollege@rediffmail.com

क्रमांक : 1010 दिनांक : 12.10.2019

कॉलेज कम्युनिटी कनैक्ट (CCC) कार्यक्रम रिपोर्ट

बाबा भगवान दास राजकीय महाविद्यालय, चिमनपुरा (शाहपुरा), जयपुर में दिनांक 12.10.2019 को प्रातः 11.00 बजे से 01.00 बजे तक कॉलेज कम्युनिटी कनैक्ट (CCC) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर की पहल पर महाविद्यालय में विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को आमन्त्रित किया गया। अभिभावकों की महाविद्यालय की गुणात्मक अभिवृद्धि में भूमिका को सशक्त बनाने एवं विद्यार्थियों के भविष्य के बारे में उनके अभिभावकों की चिंता को मध्य नजर रखते हुए एक संवाद–संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अभिभावकों के औपचारिक स्वागत उपरान्त महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने देश भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। तदोपरान्त अभिभावकों के समक्ष डॉ. गजेन्द्र गुप्ता सह आचार्य ने महाविद्यालय में की जा रही विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक व सह शैक्षणिक गतिविधियों का संक्षिप्त ब्योरा प्रस्तुत किया। महाविद्यालय` विकास के लिए सुझाव परक सत्र आयोजित किया गया जिसमें अभिभावकों की सामुदायिक सहभागिता, महाविद्यालय के विकास में सक्रिय भूमिका एवं महाविद्यालय और समुदाय में सामंजस्य स्थापित करने के लिए उनसे आग्रह किया गया। महाविद्यालय में अभिभावकों से सुझाव प्राप्त करने के लिए सुझाव पेटिका रखी गई।

विद्यार्थियों में शैक्षणिक दक्षता एवं रोजगारपरक कौशल क्षमता विकास में सामाजिक पर्यवेक्षण के माध्यम से उत्कृष्टता अभिवृद्धि सुनिश्चित करने के लिए संवाद संगम कार्यक्रम महाविद्यालय प्रांगण में हर माह आयोजित किया जायेगा। इसमें स्थानीय एवं पदस्थापित राजकीय अधिकारीगणों को भी आमंत्रित किया गया। प्राचार्य डॉ. डी.के. आचार्य अभिभावकों से महाविद्यालय विकास हेतु भामाशाह योजना के अन्तर्गत जन सहभागिता हेतु निवेदन किया गया। सुझाव सत्र में वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. नरेन्द्र जैन, डॉ. बहादुर लाल, डॉ. डी.के. सिंह एवं डॉ. कविता जैन उपस्थित थे। अन्त में डॉ. नरेन्द्र जैन ने सभी आगन्तुकों को धन्यवाद दिया।

प्राचार्य

प्राचार्य
बाबा भगवान दास राजकीय महाविद्यालय
चिमनपुरा (शाहपुरा) जयपुर–राजस्थान

Scanned by CamScanner



Scanned by CamScanner

Scanned by CamScanner